प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.05.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर कल शिमला पहुंची। वे आज कुफरी स्थित कैचमेंट एरिया का दौरा करेंगी। कल यानि 6 मई को राष्ट्रपति केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। इसके अलावा राष्ट्रपति 7 मई को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगी। इसी दिन उनका शिमला के निकट संकटमोचन व तारादेवी मंदिर में पूजा अर्चना करने का भी कार्यक्रम है और वे शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान का दौरा भी करेंगी। राष्ट्रपति का 8 मई को वापिस दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर धर्म व जाति आधारित राजनीति करने का आरोप लगाया है। हमीरपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सबका साथ–सबका विकास के मूल मंत्र के साथ सभी धर्मों व जातियों के हित में कार्य किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने तीन तलाक को खत्म किया है जिससे लाखों मुस्लिम महिलाओं को लाभ मिला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता फर्जी वीडियो बनाकर झूठ की राजनीति कर रहे हैं जिससे कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ है।

नंदलाल

कांग्रेस नेता व सातवें वित्त आयोग के अध्यक्ष नंदलाल ने कहा है कि कर्मचारियों को पुरानी पैंशन लागू करने पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को गर्व है। एक ब्यान में उन्होंने आरोप लगाया है कि पुरानी पैंशन लागू करने पर केंद्र सरकार ने प्रदेश पर कई प्रतिबंध लगा दिये हैं। नंदलाल ने कहा कि प्रदेश के लिए केंद्र ने लोन लेने की सीमा 66 सौ करोड़ रूपये निर्धारित कर दी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025–26 कें अंत तक हिमाचल प्रदेश केवल 2 हजार 944 करोड़ रूपये तक के प्रस्तावों की मंजूरी के लिए पात्र होगा।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि राज्य में पार्टी के पन्ना प्रमुख सम्मेलन 9 मई तक जारी रहेंगे और इसी दिन से भाजपा प्रत्याशी अपने नामांकन भरेंगे। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 9 मई को लाहौल स्पिति विधानसभा उप चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी रवि ठाकुर, 10 मई को कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से राजीव भारद्वाज, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, कुटलैहड़ से देवेन्द्र भुट्टो और सुजानपुर विधानसभा सीट से राजेन्द्र राणा अपना नामांकन भरेंगे। इसके अलावा हमीरपुर संसदीय सीट से अनुराग ठाकुर और शिमला से सुरेश कश्यप 13 मई को अपने पर्चे दाखिल करेंगे। मंडी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी कंगना रनौत और धर्मशाला विधानसभा सीट से सुधीर शर्मा 14 मई को नामांकन पत्र भरेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि पहली जून को लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव में एन.सी.सी कैडिटों को चुनाव डियूटी पर तैनात किया जाएगा। शिमला में पुलिस व एन.सी.सी की राज्य स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर तीन कैडिट तैनात किए जाएंगे और उनकी तैनाती स्वैच्छिक आधार पर होगी। उन्होंने कहा कि कैडिटों को अन्य मतदान कर्मियों के समान ही पारिश्रमिक दिया जाएगा।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हिमाचल दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– **शिमला पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रिट्रीट के बगीचे में टहली।** पंजाब केसरी की सुर्खी है–**शिमला पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल ने की अगवानी।** दैनिक जागरण और हिमाचल दस्तक के लगभग एक जैसे शब्द हैं–**शिमला पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू, पांच दिन हिमाचल में रहेंगी।** दैनिक भास्कर लिखता है– **शिमला पहुंचने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हुआ रेड कारपेट वेलकम।**

26 माननीयों को रिकवरी नोटिस शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–**कैग के ऑडिट ऑब्जेक्शन के बाद विधानसभा सचिव ने दिए डेढ़ करोड़ रूपए की वसूली के सम्मन।**

आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**आर्थिक तंगी के बावजूद एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को दी पुरानी पेंशन।** वहीं अखबार ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के ब्यान को सुर्खी दी है–**डरो मत का नारा लगाने वाले अपनी कर्मभूमि से क्यों गए ?**

दैनिक भास्कर की एक खबर है–**जिस पोर्टल के जरिए हुआ 181 करोड़ रूपए का स्कॉलरशिप घोटाला, शिक्षा विभाग ने उसे फिर से खोलने का भेजा प्रस्ताव।** अखबार की

एक अन्य खबर है– **बागवानी मंत्री ने विश्वविद्यालय प्रशासन व निदेशक को सौंपी जांच की जिम्मेदारी–निजी कंपनी के कीटनाशक के प्रचार व प्रसार का मामला।**

स्पीकर की पेशी में नहीं गए निर्दलीय विधायक शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है–जगत सिंह नेगी की डिस्क्वालीफिकेशन पेटिशन पर जारी हुआ था नोटिस। वहीं दैनिक भास्कर के शब्द हैं–**विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष पेश नहीं हुए 3 निर्दलीय विधायक– मामले की अगली सुनवाई 11 मई को होगी।**

हिमाचल दस्तक ने खबर दी है–**धर्मशाला में पंजाब किंग्स से भिड़ेंगे चेन्नई के सुपर किंग्स– दोपहर साढ़े 3 बजे शुरू होगा मुकाबला।** पंजाब केसरी की सुर्खी है–**धर्मशाला में आज आई.पी.एल का रोमांच– पंजाब चेन्नई टीमें आमने सामने।**